मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा

तर्ज - तू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और है

मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा,
तूने अगर ठुकरा दिया कही हो ना जाऊ मै बांवरा,
मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा.....

लोग कहते है तुझको दिलवाला,
हारे भक्तो का भी रखवाला,
कोई आया जो मांगने वाला,
जिसने जो मांगा वो ही दे डाला,
झोली मेरी भी खाली है भर दो इसे अब साँवरा,
तूने अगर ठुकरा दिया कही हो ना जाऊ मै बांवरा,
मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा.....

सारी दुनिया ने ठुकराया है,
क्या कहू कितना सताया है,
मै जो निर्धन हु तेरी माया है,
क्यों गरीब को मिलता नहीं,
तेरे द्वार पर भी आसरा,
तूने अगर ठुकरा दिया कही हो ना जाऊ मै बांवरा,
मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा.....

दुनिया ठुकराए मुझको चलता है,
मुझे ना अपनाये ये भी चलता है,
तू ना अपनाये दिल मेरा जलता है,
पर बता दे तू क्यों ना पिघलता है,
तेरा साथ मांगू मै सदा संग प्रीत तेरी सांवरा,
तूने अगर ठुकरा दिया कही हो ना जाऊ मै बांवरा,
मेरे सांवरे तुझ बिन नहीं जग में मेरा कोई आसरा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32117/title/mere-sanwre-tujh-bin-nahi-jag-me-mera-koi-aasra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |